प्रभात खबर
कोलकाता, शुक्रवार
13.12.2024

# सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी में नये कोर्स होंगे शुरू

संवाददाता, कोलकाता

सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी (न्यू टाउन) आगामी शैक्षणिक वर्ष (2025-2026) में दो वर्षीय एलएलएम, बी टेक, बीएससी, स्टेटिसटिक्स विथ डेटा साइंस सहित सहित कई नये पाठ्यक्रमों की पेशकश करेगा. यह जानकारी गुरुवार को यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित प्रेसवार्ता में कुलपति डॉ जॉन फेलिक्स राज ने दी. उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लैंग्वेज में विशेषज्ञता के साथ बी टेक शुरू करने की भी योजना बना रहा है. आइआइटी खड़गपुर के सहयोग से स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों के



लिए डिजाइन किये गये पाठ्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू की जायेगी. इसके लिए राज्य सरकार से 10 एकड़ जमीन देने की अपील की जायेगी. लेटेस्ट कोर्स शुरू होने से राज्य से छात्रों का पलायन रुकेगा.

अगले शैक्षणिक वर्ष में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लैंग्वेज में विशेषज्ञता के साथ बी टेक शुरू करने की भी योजना है. नये शैक्षणिक भवन में 200 कक्षाएं होंगी और इसमें 1000 छात्रों के साथ जेवियर लॉ स्कूल को समायोजित किया जायेगा. जेवियर बिजनेस स्कूल ने कामकाजी पेशेवरों के लिए एक कार्यकारी एमबीए कार्यक्रम भी शुरू किया है, ताकि वे अपने कार्यस्थल में चुनौतियों का प्रभावी और कुशलतापूर्वक सामना कर सकें. यूनिवर्सिटी ने उद्योग और शिक्षा के बीच की खाई को पाटने के लिए वरिष्ठ और मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए एक प्रबंधन विकास कार्यक्रम भी शुरू किया है.

डॉ फेलिक्स ने बताया कि संस्थान का स्थापना दिवस आठ फरवरी को मनाया जायेगा. इसमें आइएएस विनोद कुमार ( प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, पश्चिम बंगाल सरकार) अपना व्याख्यान देंगे. यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षांत समारोह 15 फरवरी को होगा, जिसमें लगभग 860 छात्रों को स्नातक और आठ पीएचडी विद्वानों को डिग्री प्रदान की जायेगी. मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति आइपी मुखर्जी मुख्य अतिथि होंगे. वीआइटी के कुलाधिपति और संस्थापक जी विश्वनाथन को शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए मानद उपाधि प्रदान की जायेगी.